# बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि0

## दिनांक–01-07-2025को सम्पन्न उच्चस्तरीय तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही।

कार्य प्रमंडल, गया, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि0 के गया जिलान्तर्गत गया मेडिकल कॉलेज–मथुरापुर रोड (SH-101) के 4थे कि0मी0 में उच्चस्तरीय आर0सी0सी0 पुल–सह–पहुँच पथ निर्माण कार्य का तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही।

**उपस्थितिः**

(i) प्रबंध निदेशक, बि॰रा॰पु॰नि॰नि॰लि॰, पटना।
(ii) उप मुख्य अभियंता, कार्य अंचल–1, बि॰रा॰पु॰नि॰नि॰लि॰, पटना।
(iii) उप मुख्य अभियंता, कार्य अंचल–2, बि॰रा॰पु॰नि॰नि॰लि॰, पटना।

2. वरीय परियोजना अभियंता, कार्य प्रमंडल, गया, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि0 के पत्रांक–493 अनु0 दिनांक–03.06.2025 (पृ0 79/प0) के माध्यम से तकनीकी बीड का तुलनात्मक विवरणी अंचलीय कार्यालय को समर्पित किया गया है। समर्पित तुलनात्मक विवरणी के आधार पर अंकित सूचनाओं की विवरणी निम्नवत् हैः–

2.1 कार्य का नाम :– गया जिलान्तर्गत गया मेडिकल कॉलेज–मथुरापुर रोड (SH-101) के 4थे कि0मी0 में उच्चस्तरीय आर0सी0सी0 पुल–सह–पहुँच पथ निर्माण कार्य।

2.2 निविदा आमंत्रित करने वाले प्रमंडल का नामः– वरीय परियोजना अभियंता, कार्य प्रमंडल, गया।

2.3 निविदा संख्या एवं तिथि :–01/of 2025-26/349 दिनांक–17.04.25 (पृ0 70–65/प0)

2.4 प्राप्त निविदा क्या पुनर्निविदा है यदि हाँ तो कारण :–हाँ।
प्रशासनिक स्वीकृति में काफी विलम्ब होने एवं पथ निर्माण विभाग द्वारा अप्रैल 2025 में नया अनुसूचित दर भी निर्गत करने के कारण।

2.5 निविदा की राशि :–रू 7.566 करोड़

2.6 प्रशासनिक स्वीकृति की राशि :–रू 8.1126 करोड़, पथ निर्माण विभाग के पत्रांक 5008 (S) दिनांक 14.10.2024 (पृ0 2–1/प0)।

2.7 कार्य समाप्ति की अवधि :–15 (Fifteen) Months

2.8 निविदा की प्रक्रिया :–ई–टेंडरिंग SBD (Percentage Rate)

2.9 निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि :–21.05.2025 (As per Corrigendum पृ0 71/प0)

2.10 प्राप्त निविदादाताओं की संख्या :–03 (तीन) अदद यथाः–
(i) Laxman Kumar, Patna
(ii) Satyendra Kumar Yadav, Gaya
(iii) Shailcon Construction Pvt. Ltd., Gaya

*P.T.O.*

### 3. उच्चस्तरीय तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का निर्णय–

निविदा में शामिल तीनो निविदादाताओं (i) Laxman Kumar, Patna, (ii) Satyendra Kumar Yadav, Gaya and (iii) Shailcon Construction Pvt. Ltd., Gaya द्वारा निविदा के सभी आवश्यक न्यूनतम अर्हता पूर्ण करने के फलस्वरूप तकनीकी बीड में सफल घोषित करते हुए निदेशक पर्षद के 248/15वीं बैठक में लिये गये निर्णय के आलोक में तकनीकी बीड का अनुमोदन किया जाता है। साथ ही इस कार्यवाही को निगम के Website पर 3 (तीन) दिनों तक रखा जाय एवं यदि दिनांक 04-07-2025 के अपराह्न 04:00 बजे तक निविदा से संबंधित किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्त होती है तो उच्चस्तरीय तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा पुनः समीक्षा हेतु बैठक आहूत की जायेगी। यदि किसी भी निविदादाता के अनुभव प्रमाण पत्र/कागजात में विसंगति या गलत पाया जाता है तो उनके निविदा को अमान्य करते हुए उनके विरूद्ध नियमानुसार आवश्यक विधि सम्मत कार्रवाई की जायेगी।

चूँकि विषयांकित कार्य की पुनर्निविदा की राशि रू 7.566 करोड़ है, इसलिए विषयांकित योजना का वित्तीय बीड त्रिसदस्यीय समिति के समक्ष अनुमोदनार्थ उपस्थापित किया जाएगा।

**बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।**

| | | |
|---|---|---|
| 1.7.25 | 01.07.25 | 1.7.25 |
| उप मुख्य अभियंता,<br>कार्य अंचल–1<br>बि०रा०पु०नि०नि०लि०, पटना। | उप मुख्य अभियंता,<br>कार्य अंचल–2<br>बि०रा०पु०नि०नि०लि०, पटना। | प्रबंध निदेशक,<br>बि०रा०पु०नि०नि०लि०,<br>पटना। |